Demand to fill up vacant posts in Bilaspur Railway Zone, Raipur Division, Chhattisgarh

श्री रामाधार कश्यप (छत्तीसगढ़): उपसभाध्यक्ष महोदय,मैं आपके माध्यम से इस विशेष उल्लेख द्वारा सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि बिलासपुर रेलवे जोन में पांच हजार पद रिक्त पड़े हैं।

महोदय, बिलासपुर जोन और रायपुर मंडल को अस्तित्व में आये तीन साल होने के बावजूद आज यहां 5000 पद खाली है। जोन में रेलवे भर्ती बोर्ड का कार्यालय न होने के कारण लंबे समय से यहां भर्ती नहीं हुई है। नियुक्तियों के लिए जोन अधिकारियों को भोपाल और मुम्बई भर्ती बोर्ड का मुंह ताकना पड़ता हैं। भर्ती के लिए 6 माह पहले प्रस्ताव भेजा जा चुका हैं, परन्तु उनके जोन से जुड़ा मसला न होने के कारण वे ध्यान नहीं दे रहे हैं। केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में बोर्ड की मांग को औचित्यहीन बताकर भर्ती बोर्ड का कार्यालय खुलने का रास्ता बंद कर दिया है। जोनल अधिकारी खुलकर इस मामले में कुछ भी कहने से बचते हैं। उनका कहना है कि भर्ती प्रक्रिया की कागजी कार्यवाही चालू कर दी गई है, जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भर्ती की जाएगी।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय रेल मंत्री महोदय से मेरा अनुरोध है कि वे इस संबंध में शीघ्र उचित कार्यवाही करें।

श्रीमती कमला मनहर (छत्तीसगढ़): उपसभाध्यक्ष जी, में अपने आपको इनके स्पेशल मेंशन से ऐसोसिए करती हूं।

GOVERNMENT BILLS

The Indian Medicine and Homoeopathy Pharmacy Bill, 2005.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI PANABAKA LAKSHMI): Sir, on behalf of my colleague, Dr. Anbumani Ramadoss, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the regulation of the profession and practice of pharmacy in Indian medicine and Homoeopathy and for that purpose to constitute Pharmacy Councils and for matters connected therewith.

The question was put and the motion was adopted.

SHRIMATI PANABAKA LAKSHMI: Sir, I introduce the Bill.